## मेरा भारत मेरा वोट थीम पर 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया
### मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी, मतदान अवश्य करें: प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

### जागरूकता अभियान से मतदान प्रतिशत में लगातार हो रही है बढ़ोत्तरी- जिला निर्वाचन अधिकारी

शहडोल







भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे देश में संविधान सर्वोच्च है। संविधान की धारा 324 के अनुसार मतदान के माध्यम से जनता सरकार चुनती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश में जनप्रतिनिधियों कों चुनने के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रणाली अपनाई जाती है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन सम्पन्न कराए जाते हैं। देश में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हर युवा को मतदाता बनने का अधिकार है। मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। हर पात्र युवा मतदाता का दायित्व है कि वह मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाए तथा ऐसे पात्र दूसरे मतदाताओं को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करे। जिन लोगों को सक्षम न्यायालय द्वारा मतदाता बनने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। वे लोग मतदान में भाग नहीं ले सकते हैं। यह विचार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शहडोल श्री के.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित 16 वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मतदान अधिकार ही नहीं कत्तव्य भी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पात्र मतदाताओं के नाम जोडऩे एवं अपात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग करने के लिए समय-समय पर मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम वर्ष में 04 बार चलाया जाता है। निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पात्र मतदाताओं के नाम जोडऩे एवं अपात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग करने के लिए चलाए गए अभियान के सकारात्मक परिणाम आए हैं। आपने कहा कि देश में युवा मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। युवाओं को आगे आकर वृद्ध, बीमार एवं निशक्त मतदाताओं को मतदान करने हेतु सहयोग करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर आहवान किया कि भारत में निर्धन भूखे लोगों को अन्य दान करने, दृष्टिबाधित लोगों को नेत्रदान करने, अनाथ कन्याओं के विवाह के लिए समाज को आगे आने तथा सशक्त लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है।

इस अवसर पर उपस्थित जनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने शपथ दिलाई कि '' हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे''।

कार्यक्रम के शुभारंभ में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश्वर कुमार का देश के मतदाताओं के नाम संदेश का प्रसारण सुनाया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची मतबूत लोकतंत्र का आधार होती है। इसके लिए आवश्यक है कि हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जाए। मतदान राष्ट्रसेवा का पहला कदम है। आपने बताया कि देश की स्वतंत्रता के बाद 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया तथा सन 1952 में पहला निर्वाचन सम्पन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग वर्ष 2011 से 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाता है। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 1952 से अब तक सम्पन्न हुए निर्वाचनों में मतदान के प्रतिशत की जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप गतिविधियों के संचालन तथा आयोग के पारदर्शी एवं समावेशी नीति के कारण मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर उन्होंने जिले में एसआईआर के प्रगति की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में पीएमश्री एमएलबी स्कूल तथा कस्तूरबा गांधी स्कूल के छात्राओं द्वारा मतदान के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी गई। जिसकी उपस्थित जनों द्वारा सराहना की गई। मेरा भारत मेरा वोट, भारतीय लोकतंत्र की धडक़न-भारतीय नागरिक विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं प्राची सोनी, को प्रथम, श्रेया को द्वितीय एवं प्रिया सिंह को तृतीय पुरस्कार अतिथियों द्वारा वितरित किया गया।

## देश का संविधान लोकतंत्र की आधारशिला: कमिश्नर
### कमिश्नर ने गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं



शहडोल। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के समस्त नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ, जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी महान विभूतियों को नमन किया। कमिश्नर ने कहा कि हम सभी भारतवासी अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन कर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें और विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाएं।

### कलेक्टर ने क्रीड़ा परिसर शहडोल का किया निरीक्षण, बच्चों संग खेलकर बढ़ाया उत्साह

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने क्रीड़ा परिसर शहडोल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेल सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं खिलाडिय़ों को उपलब्ध संसाधनों का बारीकी से जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। कलेक्टर ने क्रीड़ा परिसर में उपस्थित खिलाडिय़ों एवं ज्ञानोदय विद्यालय के बच्चों से आत्मीय संवाद किया तथा उन्हें खेल, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व के संबंध में प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर स्वयं खेल गतिविधियों में शामिल हुए और वॉलीबॉल खेल कर खिलाडिय़ों का मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर को अपने बीच खेलता देख बच्चे अत्यंत उत्साहित एवं आनंदित हुए।

## संविधान सर्वोपरि, कर्तव्य से विमुख होने वालों की खैर नहीं

**शहडोल।** देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक उत्सव, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिले के प्रशासनिक गलियारों से राष्ट्र निर्माण और अखंडता की गूँज सुनाई दी। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव और जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि यह दिवस केवल उत्सव का नहीं, बल्कि संविधान के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण के संकल्प का है।

### जाति-धर्म की राजनीति पर प्रहार: कलेक्टर



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शुभकामनाओं के साथ एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने लहू बहाकर हमें विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र सौंपा है। उन्होंने दो टूक कहा, जाति, धर्म और संकीर्ण समुदायों की दीवारें तोडक़र भारतीयता को सर्वोपरि रखना होगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों को सचेत किया कि स्वर्णिम भारत का सपना तभी साकार होगा जब कर्तव्य पालन में ईमानदारी और निष्ठा की धार होगी। डॉ. सिंह ने आह्वान किया कि प्रगति की ऊंचाइयों को छूने के लिए निष्ठाहीनता का त्याग करना अनिवार्य है।

### अधिकारों के साथ कर्तव्यों की चेतावनी: सीईओ



सीईओ शिवम प्रजापति ने संवैधानिक मूल्यों का हवाला देते हुए कहा कि गणतंत्र का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का निर्वहन भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐतिहासिक संविधान तभी जीवंत रहेगा जब हर नागरिक और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को बोझ न समझकर मिशन की तरह निभाएगा। उन्होंने समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में कोताही न बरतने की सख्त अपील की।

### सामाजिक समरसता ही राष्ट्र की शक्ति: पुलिस अधीक्षक



पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने सुरक्षा और समरसता पर जोर देते हुए कहा कि संविधान ने हमें समानता का हथियार दिया है। उन्होंने जिलेवासियों को आगाह किया कि राष्ट्र निर्माण में बाधक बनने वाली ताकतों और सामाजिक विद्वेष के खिलाफ एकजुट होना ही सच्ची देशभक्ति है। एसपी ने विकास के लिए संकल्पबद्ध होने की बात कहते हुए जिले में शांति और कानून व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## अमरकंटक में श्री नर्मदा जयंती महोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न

### भक्तों की उमड़ी अपार भीड़, विशाल शोभायात्रा और 24 घंटे का अखंड कीर्तन व विशाल भंडारा के साथ संपन्न




**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में श्री नर्मदा जयंती महोत्सव इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में मनाया गया। माँ नर्मदा के प्राकट्य दिवस पर नगर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देश/प्रदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महोत्सव के अवसर पर नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें माँ नर्मदा की सुसज्जित प्रतिमा, ढोल-नगाड़ों, भजन मंडलियों और जयघोष के साथ आगे बढ़ी। शोभायात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर माँ नर्मदा का स्वागत किया। पूरा अमरकंटक "नर्मदे हर" के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया गया, जिसमें "ॐ नमो नर्मदे माई, रेवा पार्वती बल्लम सदाशिवा" के मंत्रों और भजनों की अविरल धारा बहती रही। कीर्तन में स्थानीय कलाकारों सहित बाहर से आए भजन मंडलों ने सहभागिता की, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। महोत्सव के अंतर्गत हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पूर्व माँ नर्मदा का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात कन्या पूजन किया गया, जहाँ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन-अर्चन व प्रसाद वितरण किया गया। कन्या पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तों ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए प्रशासन और स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्वच्छता, पेयजल और यातायात की समुचित व्यवस्थाएँ की गईं। श्री नर्मदा जयंती महोत्सव ने एक बार फिर अमरकंटक को आस्था, संस्कृति और सेवा की जीवंत मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा से सुख-समृद्धि, शांति और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर नगर से विदा ली।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह मे वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार करेंगे ध्वजारोहण



**हरिभूमि न्यूज अनपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण के मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार का प्रातः 8:58 बजे आगमन होगा, प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9:02 बजे राष्ट्रीय गान की धुन, प्रातः 9:08 बजे परेड का निरीक्षण, प्रातः 9:15 बजे मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के संदेश का वाचन, प्रातः 9:25 बजे शांति के प्रतीक के रूप में गुब्बारों का छोड़ा जाना, प्रातः 9:26 बजे हर्ष फायर, प्रातः 9:30 बजे मार्च पास्ट (परेड), प्रातः 9:45 बजे शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, प्रातः 9:50 बजे म.प्र. गान, प्रातः 9:53 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 10:30 बजे चलित विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, प्रातः 11:00 बजे पुरूस्कारों का वितरण एवं प्रातः 11:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

### आदर्श किराना व्यापारी संघ द्वारा किया गया बैठक का आयोजन




हरिभूमि न्यूजकोतमा। नगर मे आदर्श किराना व्यापारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य संघ को नई दिशा एवं नई ऊर्जा प्रदान करना था। इस अवसर पर व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष हाजी अब्दुल तौहीक की उपस्थिति में नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव में व्यापारी संघ के सदस्यों के संपूर्ण बहुमत एवं सर्वसम्मति से धीरेंद्र जैन नाहर को आदर्श किराना व्यापारी संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद की घोषणा होते ही उपस्थित व्यापारियों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर फूलचंद अग्रवाल, बिल्ला भैया, सत्येंद्र जैन, मुकेश राजानी, दिलीप आर्य, विकास बरसैयां, संजय कुमार जैन, सचिन गुप्ता, रोहित कुमार केसरवानी, राकेश कुमार गुप्ता, घनश्याम कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, राहुल कुमार, लक्ष्मी कुमार गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं मुकेश कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे। व्यापारियों ने नये अध्यक्ष को उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में आदर्श किराना व्यापारी संघ और अधिक सशक्त एवं संगठित होगा।

## स्थगन आदेश के बाद भी जारी निर्माण
## पुश्तैनी जमीन पर दबंगों का कब्ज़ा

शहडोल।

जिले के बुढ़ार तहसील अंतर्गत ग्राम पकरिया से पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे, धमकी, फर्जीवाड़े और प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अवमानना का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने न केवल अवैध कब्जे का आरोप लगाया है, बल्कि यह भी दावा किया है कि एसडीओ सोहागपुर द्वारा जारी किए गए स्थगन आदेश के बावजूद अतिक्रमणकारी निर्माण कार्य बंद करने को तैयार नहीं हैं। यही नहीं, पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि बुढ़ार पुलिस आरोपियों को संरक्षण दे रही है, जिसके कारण दबंगों के हौसले और भी बुलंद हैं।







शिकायतकर्ता अमरनाथ साहू, पिता स्व. जयकरण साहू, निवासी वार्ड क्रमांक 5 पुरानी बस्ती बुढ़ार ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पकरिया में स्थित उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि खसरा क्रमांक 180/1/1/1/1, रकबा 0.1283 हेक्टेयर (23.5 डिसमिल) है। इस भूमि का एक हिस्सा उन्होंने वैधानिक तरीके से बेचा था, जबकि शेष भूमि पर उनका स्वामित्व बरकरार है। अमरनाथ साहू का आरोप है कि लल्लू केवट, शिवशंकर यादव, हेमलाल यादव, रोशनी यादव एवं अन्य लोगों ने मिलकर उनकी जमीन पर लगभग 43-44 डिसमिल तक जबरन कब्जा कर लिया है और बिना किसी अनुमति, सीमांकन या नक्शा-तरमीम के पक्के निर्माण खड़े किए जा रहे हैं। विरोध करने पर पीड़ित को गाली-गलौज, धमकी और जान से मारने की चेतावनी तक दी गई।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) सोहागपुर द्वारा इस भूमि विवाद में स्पष्ट रूप से 'यथास्थिति बनाए रखने' का स्थगन आदेश जारी किया गया है। यह आदेश दोनों पक्षों को किसी भी प्रकार का निर्माण, तोडफ़ोड़ या परिवर्तन करने से रोकता है। लेकिन पीड़ित के अनुसार, अतिक्रमणकारी न तो आदेश का पालन कर रहे हैं और न ही निर्माण कार्य रोकने को तैयार हैं। इसके विपरीत, वे लगातार निर्माण जारी रखते हुए खुलेआम यह कहते सुने जा रहे हैं कि हुकुम चलाने वाले सब हमारे प्रभाव में हैं, आदेश हमें रोक नहीं सकता। पीड़ित का आरोप और भी गंभीर हो जाता है जब वह कहता है कि स्थगन आदेश के बावजूद बुढ़ार पुलिस मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि उल्टा आरोपियों को संरक्षण दे रही है। साहू का दावा है कि कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस न तो निर्माण रुकवा रही है, न ही किसी आरोपी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर रही है। इससे आरोपियों का मनोबल इतना बढ़ गया कि वे स्थगन आदेश को ही कागज़ का टुकड़ा बताकर खुलेआम नजरअंदाज कर रहे हैं।

अमरनाथ साहू ने बताया कि उन्होंने अपनी भूमि का सीमांकन भी विधिवत करवा लिया, जिसमें उनकी वास्तविक भूमि सीमा स्पष्ट है। इसके बाद भी कब्जाधारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। स्थिति यह है कि स्थगन के बाद भी दीवारें खड़ी की जा रही हैं, भवनों की नींव खोदी जा रही है और निर्माण का मटेरियल लगातार साइट पर पहुंचाया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो उनकी पुश्तैनी जमीन हमेशा के लिए हाथ से निकल जाएगी।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह मामला किसी एक परिवार की जमीन का विवाद नहीं, बल्कि एक बड़ा सवाल है कि क्या शहडोल जिले में कानून का कोई शासन बचा है या नहीं। जब एक एसडीओ स्तर का अधिकारी स्पष्ट स्थगन आदेश दे चुका है, तब भी यदि निर्माण रुकवाने में प्रशासन नाकाम है, तो यह सीधे तौर पर शासन की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाता है।

इस पूरे घटनाक्रम ने बुढ़ार क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्थगन आदेश भी कागज़ी साबित होने लगे तो फिर न्याय की उम्मीद किससे की जाए। कई ग्रामीणों ने बताया कि दबंग लंबे समय से क्षेत्र में विवादित कब्जों को लेकर सक्रिय हैं, और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। पीड़ित ने जिला प्रशासन से यह मांग की है कि स्थगन आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित कराया जाए, अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, आरोपियों पर अवैध कब्जा, आपराधिक धमकी, धोखाधड़ी और आदेश उल्लंघन की धाराओं में मामला दर्ज किया जाए और बुढ़ार पुलिस की भूमिका की भी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिला प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या कदम उठाता है। क्या कानून की मर्यादा और एसडीओ के आदेशों को सम्मान मिलेगा, या फिर एक बार फिर दबंगों के सामने प्रशासन बेबस और निरीह दिखाई देगा।

## कबाड़ से तिरंगा स्तंभ तक: सोहागपुर रीजनल वर्कशॉप ने रच दिया इतिहास

### 70 फीट ऊंचा झंडा, कुछ हजार की लागत और कर्मचारियों की मेहनत बना मिसाल








**धनपुरी ।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की रीजनल वर्कशॉप इन दिनों केवल मशीनों की आवाज से नहीं, बल्कि कर्मचारियों की मेहनत, नवाचार और समर्पण की गूंज से पहचानी जा रही है। वर्कशॉप इंचार्ज ए.एच. सिद्दीकी और जूनियर इंजीनियर अजय द्विवेदी के नेतृत्व में वर्कशॉप का ऐसा कायाकल्प हुआ है, जिसने वेस्टेड और कबाड़ सामग्री की उपयोगिता को जीवंत उदाहरण के रूप में सामने रखा है।वर्कशॉप में वर्षों से अनुपयोगी पड़ी सामग्री को एकत्र कर कर्मचारियों ने उसे व्यवस्थित तरीके से सुसज्जित किया। आज वर्कशॉप का हर विभाग सुरक्षित, साफ-सुथरा और अनुशासित नजर आ रहा है। बिखरे पड़े उपकरणों को व्यवस्थित कर कार्यस्थल को ऐसा रूप दिया गया है, जो किसी आदर्श औद्योगिक परिसर से कम नहीं है।कबाड़ से तैयार हुआ 70 फीट ऊंचा तिरंगा स्तंभवर्कशॉप इंचार्ज ए.एच. सिद्दीकी और जेई अजय द्विवेदी ने बताया कि वर्कशॉप में पड़े पुराने और वेस्टेड पाइपों को जोड़कर 70 फीट ऊंचा तिरंगा स्तंभ तैयार किया गया है। बाजार में यदि यही पाइप खरीदा जाता तो इसकी अनुमानित लागत लगभग 5 लाख रुपए आती, लेकिन कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच से यह कार्य मात्र कुछ हजार रुपए में ही पूरा कर लिया गया।26 जनवरी को होगा ऐतिहासिक ध्वजारोहणगणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सुबह 10 बजे सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी.के. जिन द्वारा रीजनल वर्कशॉप परिसर में स्थापित 70 फीट ऊंचे तिरंगा स्तंभ का उद्घाटन किया जाएगा। यह सोहागपुर क्षेत्र में पहला अवसर होगा, जब वर्कशॉप परिसर में इतने ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा।कबाड़ से बना घोड़ों का रथ बना आकर्षण का केंद्रवर्कशॉप के कर्मचारियों ने कबाड़ सामग्री से दो घोड़ों का भव्य रथ भी तैयार किया है, जिसे वर्कशॉप परिसर में सजाया गया है। यह रथ न केवल देखने में आकर्षक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि संसाधनों का सही उपयोग कर किस तरह सुंदर और उपयोगी संरचनाएं तैयार की जा सकती हैं।नेतृत्व और मेहनत का परिणामवर्कशॉप इंचार्ज ए.एच. सिद्दीकी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि कार्य करने की सच्ची इच्छा, टीमवर्क और नवाचार की सोच हो, तो सीमित संसाधनों में भी असाधारण परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। रीजनल वर्कशॉप की यह पहल न केवल सोहागपुर क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरे एसईसीएल के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आई है।


# समस्त नगर व जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**विकास पाण्डेय**
एसडीओपी
बुढ़ार, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रजनीश त्रिपाठी**
वेयर हाउस प्रभारी
आबकारी विभाग शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रम्मू सोनी**
समाजसेवी
बुढ़ार


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**संतोष जायसवाल**
संविदाकार
धनपुरी, जिला-शहडोल


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**शरद गुप्ता**
कांग्रेस नेता
बुढ़ार


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सुंदर एजेंसी**
प्रो. संजय डोडवानी
बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सालिकराम तिवारी**
ट्रांसपोर्टर
बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**रविकांत चौरसिया**
भाजपा नेता
बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**टीटू अग्रवाल**
समाजसेवी
ओपीएम, सोडा फैक्ट्री, अमलाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सावित्री भगत
**जिला आबकारी अधिकारी**
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आर.के.सोनी**
खाद्य एवं औषधि विभाग
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**कालरी क्रेडिट कर्मचारी**
सोसायटी
धनपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**बद्री पाण्डेय**
समाजसेवी
बकहो-बुढ़ार


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**गिरधर प्रताप सिंह**
वरिष्ठ
भाजपा नेता
जिला-शहडोल

**मेसर्स- सांई ग्रुप**
धनपुरी
जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**स्कंद सोनी**
पार्षद
नगरपालिका परिषद धनपुरी


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**जय माता दी कंस्ट्रक्शन बुढ़ार**

राज कुमार सरावगी


सुजीत सिंह चंदेल

अरविंद नायक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नौशेरमा खान**
वरिष्ठ
कांग्रेस नेता
धनपुरी, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. विकास कुमार
केशवाही




**रणविजय सिंह**
प्रापर्टी डीलर
बुढ़ार

**मेसर्स- सांई इंटर प्राइजेज**
धनपुरी
जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**हिन्द फर्नीचर मार्ट**
प्रो.इस्तियाक खान
धनपुरी

**मनोज टीव्हीएस शोरूम**
प्रो.-मनोज गुप्ता
क्रिश्चयन हॉस्पिटल के सामने
शहडोल


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**लक्ष्मी बैटरी वर्क्स**
लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा
बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**कमलेश सिंह चंदेल**
कान्ट्रेक्टर
चचाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**सिम्मांचलम**
स्क्रैप व्यवसायी
इंदिरा नगर, अमलाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आशीष राय**
संविदाकार
धनपुरी, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**जे.पी.शर्मा**
थाना प्रभारी
अमलाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**श्रीराम अस्पताल**
पाली रोड-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**पप्पू टोपी**
समाजसेवी
धनपुरी-बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**भूपेन्द्र मणि पाण्डेय**
थाना प्रभारी
सोहागपुर

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**बिजेन्द्र सिंह**
अनुविभागीय अधिकारी
जनपद पंचायत

संदीप मेहरा, उपयंत्री
हेमेन्द्र पटले, उपयंत्री
मनोज शुक्ला, उपयंत्री
हीरामणि मरावी, उपयंत्री

जनपद पंचायत जयसिंहनगर, जिला शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**राजा खान**
स्क्रैप व्यवसायी
अमलाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**बिजेन्द्र मिश्रा**
थाना प्रभारी
पपौंध, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**छोटू विश्वकर्मा**
स्क्रैप व्यवसायी
ओपीएम अमलाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सी.पी.पाण्डेय
उपयंत्री
नगर परिषद, बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमाकांत चतुर्वेदी
थाना प्रभारी
खैरहा, जिला शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ.राजेश मिश्रा
सीएमएचओ
जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज श्रीवास्तव
उपयंत्री
नगर पालिका परिषद, धनपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद राय सिन्हा
सहायक आयुक्त
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव मोटर
ड्राइविंग स्कूल
प्रो. जितेन्द्र सिंह, शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शकिल खान
कांट्रेक्टर
धनपुरी, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरनाथ सिंह
समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र, शहडोल (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कामनी सिंह
सरपंच
मंजीत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत जरवाही
जनपद पंचायत बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बलराम गुप्ता
दुर्गा टेंट हाऊस
जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोलू तिवारी
इंडियन गैस
अमलाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगन्नाथ शर्मा
जिला पंचायत सदस्य
खैरहा, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हनुमान खण्डेलवाल
जेसीसी कॉंट्रेक्सन
धनपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल शांडिल्य
खनिज अधिकारी
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष द्विवेदी
लेम्पस प्रबंधक
गिरवा, केशवाही, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मण बोरवेल
सिंहपुर रोड
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन जैन
रजिस्टार
पंजीयन कार्यालय, शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुद्रिका सिंह
अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मॉडल फिनायल
प्रो. देवेन्द्र गुप्ता
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सूरज दास
सरपंच
हेमलता शर्मा
सचिव
ग्राम पंचायत साबो
जनपद पंचायत बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश जगवानी
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र मिश्रा
बीआरसी
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भावना डेहरिया
तहसीलदार, सोहागपुर
एवं समस्त स्टॉफ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक शर्मा
नोटरी
न्यायालय, बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र सिंह
भाजपा नेता
नगर परिषद बकहो, जिला शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन सन्नाम
उपयंत्री
नगर परिषद, बकहो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
साईं हॉस्पिटल
प्रो.राज कुमार जायसवाल
श्रीवास्तव चौक, शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप परांजपे
मुख्य महाप्रबंधक
एसईसीएल, सोहागपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जे.जे.हॉस्पिटल
प्रो.डॉ.आनंद तिवारी
श्रीवास्तव चौक, शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ सोनी
उपयंत्री
नगर पालिका परिषद, धनपुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती मनीषा सिंह
विधायक
जयसिंहनगर, जिला-शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरेश पाण्डेय
उपक्षेत्रीय प्रबंधक
बुढ़ार ग्रुप, सोहागपुर क्षेत्र

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणेश बोरवेल
सिंहपुर रोड
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशियाना मैरिज गार्डन
प्रो.सुनील खरे, साहिल खरे
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिवाकर सिंह
एपीओ
जनपद पंचायत, बुढ़ार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रमा दुबे
परिवहन अधिकारी
उमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल्ला खान
केजीएन बस सर्विस
जिला-उमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय साहू
बस संचालक
शहडोल

# गणतंत्र दिवस की सभी जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


विपुल शुक्ला
थानाप्रभारी भालूमाड़ा
एवं समस्त स्टाफ भालूमाड़ा

यातायात प्रभारी
अनूपपुर
एवं समस्त स्टाफ यातायात अनूपपुर

विकास सिंह
थाना प्रभारी
बिजुरी
एवं समस्त स्टाफ थाना बिजुरी

देशभक्ति जनसेवा

रत्नांबर शुक्ला
थाना प्रभारी
कोतमा
एवं समस्त स्टाफ थाना कोतमा

सुमित कौशिक
थाना प्रभारी
रामनगर
एवं समस्त स्टाफ थाना रामनगर

रंगनाथ मिश्रा
चौकी प्रभारी
देवहरा
एवं समस्त स्टाफ चौकी देवहरा

जिला पुलिस बल अनूपपुर

समस्त नगर वासियों को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाऐं
सौजन्य से - नगर पालिका परिषद् बिजुरी, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

रामअवध सिंह
नपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पसान

हिमाद्री सिंह
सांसद
संसदीय क्षेत्र शहडोल

एसबी फर्नीचर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स
प्रो. एहतिशाम रसीद
कोतमा, जिला-अनूपपुर

राजा तिवारी
भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष
मण्डल अनूपपुर
जिला अनूपपुर मप्र

सुरेन्द्र सिंह गौतम
जिला परिवहन अधिकारी
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

आरपी अहिरवार
समाजसेवी
अनूपपुर
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

सरिता नायक
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

संतोष परस्ते
प्राचार्य
मॉडल स्कूल अनूपपुर
जिला अनूपपुर मप्र

संजय द्विवेदी
प्रबंधक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करपा
जिला अनूपपुर मप्र

अमित शाह
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जिला अनूपपुर मप्र

आरडीएस
हॉस्पिटल एण्ड सोनोग्राफी सेंटर
आपके क्षेत्र कोतमा नगर मे पायें बेहतर इलाज की सुविधा एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन, दूरबीन पद्धति
डॉ. धर्मेन्द्र प्रजापति
पता- बंजारी चौक रेडला रोड कोतमा
मो. 9131043761, 9617345385, 9753276208
जिला- अनूपपुर, मध्यप्रदेश

कमलेश द्विवेदी
पूर्व जिलाध्यक्ष
भगवा पार्टी
जिला अनूपपुर मप्र

नगर परिषद डूमर कछार
सुशील चौरसिया अध्यक्ष, कंचन मेहता उपाध्यक्ष, मनोहर बिड़वार सीएमओ
समस्त करों का भुगतान सही समय पर करें • पानी को व्यर्थ न बहने दें • वार्ड को साफ सुथरा रखने मे नपा का सहयोग करें।
समस्त पार्षदगण नगर परिषद डूमरकछार

उमेश पाण्डेय
समन्वयक
जन अभियान परिषद अनूपपुर
जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश

• वार्ड को साफ सुथरा रखने मे नपा का सहयोग करें • कचरा डस्टबिन में डालें • पानी को व्यर्थ न बहने दें
श्रीमती रेनू कोल अध्यक्ष, रविशंकर तिवारी उपाध्यक्ष, राजेश कुमार मार्को सीएमओ
समस्त पार्षदगण एवं समस्त स्टाफ नगर परिषद डोला

शशांक प्रताप सिंह
परियोजना अधिकारी
ग्रामीण आजीविका परियोजना
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल
जैतहरी रोड
अनूपपुर
जिला अनूपपुर मप्र

खनिज विभाग
- खनिज संपदाओं का दुरुपयोग न करें।
- अवैध उत्खनन व परिवहन न करें।
- रॉयल्टी समय पर चुकाएं।
निवेदक- समस्त ठेकादार
जिला- अनूपपुर, मध्यप्रदेश

दीपक साहू
एसडीओ
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोतमा/राजेन्द्रग्राम
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

होटल गोविंदम एवं गोपालम रेस्टोरेंट
कोतमा रोड अनूपपुर
जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश

डॉ.आरके वर्मा
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
राजेन्द्रग्राम, जिला- अनूपपुर

• वार्ड को साफ सुथरा रखने मे नपा का सहयोग करें • कचरा डस्टबिन में डालें समस्त करों का भुगतान सही समय पर करें•
जसवंत सिंह अध्यक्ष, धनंजय सिंह उपाध्यक्ष, राममिलन तिवारी सीएमओ
समस्त पार्षदगण एवं समस्त स्टाफ नगर परिषद बनगवां

जय माता दी
स्टोन क्रेशर
प्रो. मुदित श्रीवास्तव
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

शनि ट्रेडर्स
मवेशी बाजार के पास
अनूपपुर
प्रो. जानू मंसूरी
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

विनोद पटेल
प्राचार्य
मॉडल स्कूल कोतमा
जिला अनूपपुर मप्र

नगर पालिका परिषद बिजुरी
साधना पनिका अध्यक्ष, प्रीति शर्मा उपाध्यक्ष, पवन साहू सीएमओ
समस्त करों का भुगतान सही समय पर करें • पानी को व्यर्थ न बहने दें • वार्ड को साफ सुथरा रखने मे नपा का सहयोग करें।
समस्त पार्षदगण नगर पालिका परिषद बिजुरी

समस्त करों का भुगतान सही समय पर करें• पानी को व्यर्थ न बहने दें
श्रीमती पार्वती सिंह अध्यक्ष, रज्जू सिंह नेताम उपाध्यक्ष, चैन सिंह परस्ते सीएमओ
समस्त पार्षदगण एवं समस्त स्टाफ नगर परिषद अमरकंटक

के. पी. कणियाम
कार्यपालन यंत्री
जलसंसाधन विभाग
जिला-अनूपपुर, मध्य प्रदेश

प्रभात कुमार लोरिया
कार्यपालन यंत्री
पीआईयू अनूपपुर


मनोज शुक्ला ब्यूरो चीफ, आशीष द्विवेदी, मुन्नू पाण्डेय, पंकज शर्मा, राजेश रजक एवं हरिभूमि परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# हर-हर नर्मदे और नर्मदाष्टकम के श्लोकों की गूँज के बीच पूरे विधि-विधान हुआ नर्मदा आरती

## प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने नर्मदा जयंती पर की भव्य नर्मदा महाआरती

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने नर्मदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नर्मदा मंदिर प्रांगण में माँ नर्मदा की भव्य महाआरती में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। स्वास्तिवाचन, "हर-हर नर्मदे" के जयघोष और नर्मदाष्टकम् के गूंजते श्लोकों के मध्य, वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्ण विधि-विधान से पुरोहितों की उपस्थिति में माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार माँ नर्मदा की महिमा और अलौकिक स्वरूप से अभिभूत दिखाई दिए। उन्होंने माँ के दिव्य सौंदर्य का दर्शन कर प्रदेश एवं जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर कलेक्टर





हर्षल पंचोली सपत्नीक, विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल मार्को, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम ने भी आरती में सहभागिता निभाते हुए मां नर्मदा की महा आरती की। नर्मदा मंदिर परिसर को फूलों, रंगोलियों और आकर्षक साज-सज्जा से सुसज्जित किया गया था, जिसने नर्मदा महाआरती की भव्यता को और बढ़ा दिया। धर्म, आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत वातावरण में पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

### प्रभारी मंत्री एवं कलेक्टर ने किया कन्या पूजन एवं भंडारे का शुभारंभ

नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने श्रद्धापूर्वक कन्या पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया। विधि-विधान से कन्याओं के चरण पखारकर उनका पूजन किया तथा चुनरी, प्रसाद और उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्म और सेवा की इस परंपरा की सराहना की। इसके पश्चात भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर भक्ति, सेवा और समर्पण का वातावरण बना रहा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया।

# एसईसीएल की जमीन पर 'रातों-रात' कब्जा, अब खुलेआम दबाव और तमाशबीन प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** एसईसीएल क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण



अब केवल कब्जे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कथित दबाव, गाली-गलौज और प्रशासनिक निष्क्रियता का खुला प्रदर्शन बन चुका है। भालूमाडा, कोतमा कालरी क्लब के सामने एसईसीएल की जमीन पर एक ही रात में शटर-दरवाजा लगाकर दुकान खड़ी कर दी गई। यह वही स्थान है, जहां कुछ दिन पहले एसईसीएल के हस्तक्षेप से कब्जे की कोशिश रोकी गई थी, तो फिर अचानक क्या बदला कि दोबारा कब्जा हो गया और कार्रवाई शून्य? मामला सामने आने के बाद कालरी का सिक्योरिटी विभाग, भालूमाडा पुलिस और नगर पालिका पसान के कर्मचारी अतिक्रमण स्थल पर तो पहुंचे, लेकिन कार्रवाई की जगह तमाशबीन बने रहे। न दीवार गिरी, न शटर हटा, केवल औपचारिक मौजूदगी निभाई गई। इससे सवाल और गहरे हो गए कि क्या शासन-प्रशासन पर दबाव काम कर रहा है? एसईसीएल सुरक्षा प्रभारी मारकंडेय सिंह ने बताया कि मौके पर एक व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज की जा रही है, बावजूद इसके पुलिस ने कोई ठोस संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने यह भी कहा कि फोन के जरिए दबाव बनाया जा रहा है कि कोई कार्रवाई न की जाए, जो पूरे प्रकरण को गंभीर और संदिग्ध बनाता है। इससे पहले युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा ने डिप्टी जीएम अजय कुमार से शिकायत की थी, लेकिन आरोप है कि उन्हें केवल "मैं दिखवाता हूं" कहकर टाल दिया गया। वहीं, एसईसीएल के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी से तत्काल रोक और सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है।

सूत्रों के अनुसार, अवैध निर्माण में कई लाख रुपये के लेन-देन की चर्चा है, यदि यह सही है, तो यह महज अतिक्रमण नहीं बल्कि प्रशासनिक मिलीभगत का संकेत है। मानवेंद्र मिश्रा ने दो टूक कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए है। चेतावनी दी गई है कि यदि शाम तक पूरा अतिक्रमण, केवल टप्पर नहीं, पूरी दीवार नहीं गिराई गई, तो 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस को महात्मा गांधी की प्रतिमा और तिरंगा लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के सामने विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन की समस्त जिम्मेदारी कालरी प्रशासन की होगी। अब सवाल साफ है क्या शासन-प्रशासन समय रहते जागेगा और एसईसीएल की जमीन बचाएगा, या फिर तिरंगे के साये में होने वाला आंदोलन उसकी चुप्पी तोड़ेगा?











































